भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4089

उत्तर देने की तारीख : 30.03.2026

बंद हुए एमएसएमई संबंधी डेटा

4089. श्रीमती ममता ठाकुर:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 से बंद हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएमई) की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(ख) बंद हुए एमएसएमई में कितने लोग कार्यरत थे, तत्संबंधी वर्ष-वार डेटा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ख) : उद्यम पंजीकरण पोर्टल दिनांक 01.07.2020 को शुरू किया गया था। दिनांक 28.02.2026 तक, कुल 1.37 लाख सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) बंद हो गए हैं जबकि इसी अवधि के दौरान कुल 7.83 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हुए हैं। तब से कुल पंजीकृत एमएसएमई के अनुपात में बंद होने वाले एमएसएमई की संख्या 0.17% है। बंद किए गए एमएसएमई और इनमें दर्ज रोजगार का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	बंद हुए एमएसएमई की संख्या	इन एमएसएमई में दर्ज रोजगार
2020-21	175	724
2021-22	6,222	42662
2022-23	13,290	90692
2023-24	19,828	118828
2024-25	39,446	260116
2025-26 (दिनांक 28.02.2026 तक)	58,403	351592

*****